तापमान

अधिकतम 38.5 डिग्री

न्यूनतम 27.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 28 जून 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




राजस्व कालोनी के नाले में फंसा ट्रैक्टर।

## नगर में आज

### सराफा एसोसिएशन का महासम्मेलन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का 28 जून को सुबह 10 बजे से रामदेव लॉन 36 मॉल के बगल मंगला में प्रदेश स्तरीय सराफा महासम्मेलन एवं तृतीय आमसभा होगी। प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 317 के सरलीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ की बैठक

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की जून माह की मासिक बैठक रविवार 28 जून को अनुभव भवन बृहस्पति बाजार में शाम 4.30 बजे से आयोजित की गई है। ज्येष्ठ नागरिक संघ के सह सचिव बाल गोविंद अग्रवाल ने बताया कि जिसमें पावस संध्या मनाने पर चर्चा एवं नव प्रवेश सदस्यों का स्वागत, जन्म दिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ वाले सदस्य का स्वागत किया जाएगा।

### वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस का लोकार्पण

**बिलासपुर।** संभागीय अग्रवाल महासभा द्वारा लोकार्पण 28 जून को सर्व समाज के लिए आध्यात्मिक न्यूनतम सेवा शुल्क के साथ वेंटीलेटर युक्त एंबुलेंस 24 x 7 का लोकार्पण किया जाएगा। एंबुलेंस में सुविधाओं सहित मेडिकल उपकरण प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल के विशेष प्रयासों से एंबुलेंस का संचालन संभव हुआ। अग्रसेन चौक, रामवतार क्लाथ मार्केट, ईस्ट पार्क होटल के सामने लिंक रोड बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव लोकार्पण करेंगे।

### फायर सेफ्टी मानकों को लेकर संयुक्त टीम की पांच घंटे तक चली जांच, कार्रवाई

# प्रशासन की संयुक्त टीम ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई लॉज और कोचिंग सेंटर सहित 4 संस्थान सील








**शहर के लॉज, कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी सहित 10 संस्थानों में की गई जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला प्रशासन की ओर से फायर सेफ्टी मानकों की जांच के लिए गठित की गई संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को एक के बाद एक शहर के कई संस्थानों में ताबड़तोड़ जांच और कार्रवाई की गई। करीब पांच घंटे तक चली इस जांच व कार्रवाई के दौरान 10 संस्थानों में फायर सेफ्टी मानकों की जांच की गई और दो लॉज समेत एक कोचिंग सेंटर व एक लाइब्रेरी को सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने के कारण सील कर दिया गया है।

जिला प्रशासन की ओर राजस्व विभाग, नगर निगम, पुलिस, नगर सेना और फायर सेफ्टी की संयुक्त टीम बनाई गई है। यह संयुक्त टीम शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे से ही शहर में विभिन्न संस्थानों की aजांच एवं कार्रवाई के लिए निकली और करीब शाम 4.30 बजे तक टीम संस्थानों के जांच करती रही। यह संयुक्त टीम सबसे पहले मंगला चौक से उसलापुर क्षेत्र तक स्थित दिल्ली आईएएस कोचिंग, शारदा लाइब्रेरी, ऑफिसर्स लाइब्रेरी, बिलासा लाइब्रेरी, शिवाय लाइब्रेरी, उड़ान आईएएस, 24x7 लाइब्रेरी एवं भारतीय कृषि कोचिंग इंस्टीट्यूट में जांच की गई। जांच के दौरान शिवाय लाइब्रेरी एवं भारतीय कृषि कोचिंग इंस्टीट्यूट में फायर सेफ्टी उपकरणों का अभाव, अध्ययन कक्षों की क्षमता से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति, पर्याप्त स्थान का अभाव तथा सुरक्षित एवं पृथक निकासी मार्ग उपलब्ध नहीं होने जैसी गंभीर कमियां पाई गई। विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इन दोनों संस्थानों को सभी कमियां दूर किए जाने तक सील करने की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त बिलासा लाइब्रेरी एवं शारदा लाइब्रेरी को नोटिस जारी करते हुए संस्थानों में पाई गई कमियों को दूर करने तक संचालन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह अन्य कोचिंग संस्थानों को प्रवेश एवं निकासी संकेतक लगाने, पृथक आपातकालीन निकासी द्वार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कोचिंग संचालन एवं भवन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नगर निगम में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्रवाई का विरोध**

संयुक्त टीम द्वारा आज फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर दो लॉज को सील किया गया। इस कार्रवाई को लेकर लॉज संचालकों द्वारा विरोध किया गया, उनका कहना था कि केवल उनके संस्थान पर कार्रवाई की जा रही है जबकि शहर में ऐसे बहुत से होटल, लॉज संचालित हो रहे हैं जिनमें सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है। इसी तरह कोचिंग संस्थान व लाइब्रेरी को सील करते समय भी वहां के विद्यार्थियों द्वारा विरोध जताया गया। विद्यार्थियों का कहना था कि कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी सील कर दिया जाएगा तो वे पढ़ाई कैसे करेंगे। आज जांच कार्रवाई दौरान संयुक्त टीम में बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू, नगर निगम अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, इंस्पेक्टर वेद प्रकाश सेन, नगर सेनानी कार्यालय से रवि शर्मा सहित निगम कर्मचारी एवं पुलिस बल शामिल रहें।

**ये चार संस्थान किए गए सील**

प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शिवाय लाइब्रेरी एवं भारतीय कृषि कोचिंग इंस्टीटयूट के अलावा दो लॉज को भी सील किया गया है। पुराना बस स्टैंड के पास स्थित नवनिर्मित रॉयल रामा लॉज एवं अशोका इन में भी जांच की गई। ये दोनों लॉज बिना आवश्यक फायर सेफ्टी व्यवस्था के संचालित होना पाया गया। फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं होने के कारण इन दोनों लॉज को सील कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी शैक्षणिक एवं आवासीय संस्थानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

**की गई है कार्रवाई**

फायर सेफ्टी मानकों के संबंध में प्रशासन की ओर से संयुक्त टीम बनाई गई है, जिसमें राजस्व, पुलिस, नगर निगम, फायर सेफ्टी के लोग शामिल हैं। संयुक्त टीम द्वारा आज पूरे दिन शहर के कई कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, होटल आदि संस्थानों की जांच की गई है और चार संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की गई है।

**- मनीष साहू,** एसडीएम बिलासपुर

**जारी रहेगी जांच**

संयुक्त टीम की ओर से विभिन्न संस्थानों की जांच की गई है और फायर सेफ्टी का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। चार संस्थानों को सील करने के अलावा बाकी संस्थानों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर फायर सेफ्टी मानकों को पूरा करने कहा गया है। इस तरह की जांच, कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त नगर निगम

### हिर्री अमसेना में हुई वारदात





**एसआई के सूने मकान में चोरों का धावा**

# 12 तोला सोना, आधा किलो चांदी और नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** एसआई के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। चोर आलमारी से 12 तोला सोना, आधा किलो चांदी के जेवर, 1 रुपए नकद चोरी कर भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

हिर्री अमसेना निवासी जगदीश साहू पिता अमोली साहू ने बताया, वे सीआईएसएफ यूनिट 3 रिजर्व बटालियन उत्तई भिलाई दुर्ग में एसआई के पद पर पदस्थ हैं। उनके अमसेना स्थित मकान में पत्नी उषा साहू, छोटा बेटा आदर्श साहू रहते हैं। 25 जून की सुबह 10 बजे उनकी पत्नी व बेटी दरवाजे में ताला लगाकर बिरगांव जरहागांव मुंगेली चले गई थीं। 26 जून की सुबह 9 बजे दोनों वापस घर आए तो मेन गेट का ताला व हैण्डल लॉक टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो आलमारी व लोहे के बक्से का ताला भी टूटा हुआ था। श्री साहू ने बताया, चोरों ने उनके घर से 12 तोला सोना व आधा किलो चांदी के जेवर व 1 लाख रुपए नकद चोरी कर लिया है। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। हिर्री टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया, श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। चोरों की पतासाजी की जा रही है।



**हस्ताक्षर युक्त कोरा चेक ले गए चोर**

एसआई श्री साहू ने बताया, चोर जेवर नकद के अलावा घर में रखा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया चकरभाठा का चेकबुक, जिसमें एक कोरे चेक में उनका हस्ताक्षर हैं। एटीएम कार्ड, जमीन के कागजात, ऋषि पुस्तिका व एक मोबाइल ले उड़े हैं।

# ऑक्सीजन सिलेंडर का वाल्व खुला, मची भगदड़

### सिम्स में सुबह 11.30 बजे हुई घटना, एक हफ्ते में कई बार हो चुका है सिलेंडर लीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स एमआरडी में शनिवार की सुबह ऑक्सीजन सिलेंडर को गाड़ी में रिलोड करते समय आक्सीजन लीक हो गई, जिसके बाद पर्ची कटाने के लिए लाइन में लगे लोगों के बीच अफवाह फैल गई और भगदड़ मच गई। महज 20 ही मिनट में अफरा तफरी ऐसी मची कि गिरने से एक महिला का हाथ टूट गया और कई लोग घायल हो गए।

सिम्स में एक बड़ी दुर्घटना टल गई, दरअसल शनिवार की सुबह 11.30 बजे एमआरडी के काउंटर में लगी मरीजों की भीड़ के बीच गैस लीक की अफवाह फैलने के बाद जमकर भगदड़ मची। बताया जा रहा है कि घटना उस समय घटित हुई जब सिम्स रिफलिंग के लिए ले जा रहे ऑक्सीजन के 5 सिलेंडर अचानक गिर गए, जमीन पर गिरे सिलेंडर से तेज प्रेशर के साथ ऑक्सीजन लीक हो गई, आवाज इतनी तेज थी कि लोगों को लगा कि अस्पताल में बम फट गया, जिसके बाद लोग बाहर निकलने के लिए चैनल गेट की ओर भागने लगे, इस दौरान कुछ बुजुर्ग और महिलाएं नीचे गिर गईं और भीड़ उनको कुचलकर चली गई। गार्ड ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उनको भी धक्का दे दिया। करीब 20 मिनट के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।





**धक्का लगाने के कारण गिरा सिलेंडर**

खास बात यह है कि लोड सिलेंडर की गाड़ी स्टार्ट नहीं हो सकी, जिसके चलते 4 से 5 लोगों ने गाड़ी को धक्का लगाना शुरू किया, ड्राइवर ने जैसे ही क्लच और एक्सीलेटर लिया वैसे ही गाड़ी में रखा सिलेंडर एक के बाद एक गिरने लगा। जिसके कारण ही सिलेंडर लीक होने की घटना हुई है। सिम्स के गार्ड ने सिलेंडर का नॉब हाथों से बंद किया। बताया जा रहा है कि पिछले 7 से 10 दिनों के भीतर यह चौथी बार है, जब सिलेंडर धड़ाम की आवाज से नीचे गिरा है। जिस कंपनी ने रिफलिंग का ठेका लिया है, वह कंडम गाड़ियों के सहारे ही सिलेंडर का परिवहन कर रहा है।

इस दौरान दो बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ गई और एक महिला का हाथ फ्रेक्चर हो गया, जिसे सिम्स में भर्ती किया गया है। इस मामले में प्रबंधन ने कहा कि अफरा तफरी मची थी लेकिन कोई भी मरीज घायल नहीं है। सिम्स के सीसीटीवी कैमरे में घटना की फुटेज देखी जा सकती है। मरीज और परिजन बिना सोचे समझे ही भागने लगे, जिससे कहा जा सकता है कि गार्ड और स्टाफ स्थिति को नहीं संभालते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

**लोगों को समझाया गया**

हम स्वयं राउंड पर ही थे, जिस समय अफरा तफरी मची थी। तत्काल ही मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाया गया है। इसे भगदड़ नहीं कहा जा सकता है लेकिन थोड़ी पैनिक स्थिति हो गई थी, लेकिन अगले ही पल में गार्ड और स्टाफ ने लोगों को समझा लिया था, किसी के हताहत होने की जानकारी मेरे पास नहीं आई है।

**- डॉ. लखन सिंह**
अधीक्षक, सिम्स

### तीन से चार दिनों में छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों में मानसून पहुंचने की संभावना

# मानसून एक्टिव, झमाझम बरसे बादल, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। शनिवार की शाम घिरे काले बादलों के कारण हल्की बारिश हुई। घंटे दो घंटे राहत मिल सकी लेकिन इस दौरान उमस बनी रही। वहीं देर रात फिर बादल गरजने लगे और झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ देर की बारिश से सड़कों पर पानी भर गया।

शनिवार दोपहर तक तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग बेहाल कर दिया, इसके बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान पर काले बादल छाने लगे, कई इलाकों में झमाझम तो कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई, जिससे सड़कें गीली हो गईं और कुछ देर के लिए ठंडक का अहसास हुआ । मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज और मोतिहारी तक पहुंच चुकी है। अगले तीन से चार दिनों में छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों में मानसून पहुंचने की संभावना है। राजस्थान से उड़ीसा तक उत्तर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ होते हुए सीजनल द्रोणिका सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी, म्यांमार और उत्तर तेलंगाना के ऊपर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण तथा दो द्रोणिकाओं का प्रभाव बना हुआ है। देर रात फिर से बादल गरजने लगे और बारिश होने लगी। कुछ देर की बारिश से शहर की सड़कों पर पानी भर गया। देर रात हुई बारिश से गर्मी और उमस से काफी राहत मिली। हालांकि बारिश शुरू होते ही कई इलाकों की बिजली बंद हो गई। लोग बिजली के लिए दफ्तरों में फोन लगाते रहे।



**लाइन में खराबी घंटों बिजली गुल**

बिजली बंद के कारण लोगों को भरी दोपहरी में पसीना बहाना पड़ रहा है। इस दौरान कई क्षेत्रों में बिजली बंद की समस्या रही है। बताया जा रहा है कि सरकंडा क्षेत्र में सुबह से शाम तक कई बार बिजली बंद होने की घटनाएं सामने आ रही है। शनिवार को दयालबंद,कतियापारा, टिकरापारा और कश्यप कालोनी के आसपास बिजली बंद रही। लाइन में आई खराबी को सुधारने के लिए बिजली विभाग ने फीडर बंद कर मरम्मत किया और कतियापारा, करबला रोड, लिंक रोड फीडर करीब डेढ़ घंटा तक बंद रहे। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कई बार बिजली की आंखमिचौली जारी रही। इसके साथ ही हेमुनगर और ओम नगर में भी बिजली बंद रही।





PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25
में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS AIIMS BHUBANESWAR
S.MEENAL JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH GMC Kanpur
RIYA MISHRA GMC DELHI
BIRENDRA GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU GMC JABALPUR
ASHUTOSH PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR CIMS BILASPUR
AKANKSHA CIMS BILASPUR
REKHA CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL GMC RAJNANDGAON
SHWETA GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM GMC JAGDALPUR
UPENDRA GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT GMC AMBIKAPUR
NANDINI GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA CCMC DURG
VOMESHWARI CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS
CHEMISTRY
MATHS
BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS
SCIENCE
SOCIAL SCIENCE
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

बिलासपुर, रविवार 28 जून 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एग्जाम अपडेट

## हाईकोर्ट में ऑपरेटर पदों पर भर्ती के लिए व्यापम लेगा परीक्षा आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों पर भर्ती के लिए प्रथम चरण की परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। सीजी व्यापम द्वारा आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल होंगे। रायपुर जिले में परीक्षा के लिए कुल 35 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां लगभग 11 हजार 729 परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जिला प्रशासन और परीक्षा




एजेंसियों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हाईकोर्ट डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। इसी दिन प्री एग्रीकल्चर टेस्ट और प्री वेटरनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट भी आयोजित किए जाएंगे। जिसके लिए चार सेंटर बनाएं गए है, जिसमें 1 हजार 232 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं के कारण परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन के अनुसार, बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की उपस्थिति को देखते हुए यातायात, सुरक्षा और परीक्षा सामग्री के वितरण से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत खाका तैयार किया गया है। अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों की निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण 28 जून की सुबह 7 बजे से जिला कोषालय, कलेक्टर परिसर से किया जाएगा। प्रशासन ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें और प्रवेश पत्र के साथ आवश्यक पहचान दस्तावेज अवश्य रखें। साथ ही परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करना भी अनिवार्य होगा।

वेकैंसी

## अग्निवीर अप्रेंटिसशिप में आवेदन के लिए अंतिम दिन कल

**बिलासपुर।** इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इंडियन नेवी में बतौर अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। अप्रेंटिसशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 29 जून, 2026 तक अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को फॉर्म में करेक्शन करने का भी मौका दिया जाएगा। उम्मीदवार 6 जुलाई, 2026 तक अपने फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। इंडियन नेवी में अग्निवीर अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट करें। इसके बाद वेबसाइट के होमपेज पर रजिस्टर सेक्शन पर क्लिक करें। अब मांगी गई सभी डिटेल को ध्यान से दर्ज कर लें।



### एग्जाम पैटर्न

लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से 100 अंकों के 100 सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में उम्मीदवारों से बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा एक घंटे के लिए आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में उम्मीदवारों से सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और संबंधित ट्रेड से सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक की नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी। परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों को स्टेज-2 की परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
अग्निवीर अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य है।

एजुकेशन अपडेट

## एकलव्य विद्यालयों : 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग 30 से

**बिलासपुर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। प्रवेश प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की व्यवस्था वेब पोर्टल पर की गई है। जिला स्तरीय काउंसलिंग 2 जुलाई, राज्य स्तरीय काउंसलिंग 3 जुलाई तथा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह एवं प्रवेश दिशा-निर्देशों में वर्णित विशेष आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग 4 जुलाई को आयोजित की जाएगी।




### रिजर्व डे में अवसर

सभी स्तरों की काउंसलिंग का आयोजन पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पोड़ीडीह, विकासखंड खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में किया जाएगा। काउंसलिंग प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होगी। आदिवासी विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो अभ्यर्थी 30 जून से 4 जुलाई तक आयोजित निर्धारित काउंसलिंग में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें 6 जुलाई 2026 को आयोजित रिजर्व डे में अवसर प्रदान किया जाएगा। विभाग ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

**दो नाटकों का मंचन**

अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित 45 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन अवसर पर आयोजित चार दिवसीय योगेश स्मृति नाट्य समारोह के दूसरे दिन शनिवार को दो सशक्त नाट्य प्रस्तुतियों ओ राजा जी‌ एवं लेट्स ब्रेक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इसी अवसर पर अहिल्यानगर, महाराष्ट्र के प्राथमिक शिक्षक लहू विक्रम बोराटे को योगेश स्मृति शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

# लहू विक्रम बोराटे को मिला योगेश स्मृति शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी, पूर्व महापौर तथा शोभा फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह ने दोनों प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि नाटक केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि योगेश स्मृति नाट्य समारोह की प्रस्तुतियां इसकी गुणवत्ता और सफलता को प्रमाणित करती हैं। ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता, संवाद और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को रंगमंच से जोड़ने की प्रेरणा देते हैं।

विशिष्ट अतिथि आधारशिला ग्रुप के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि एक समर्पित व्यक्ति पूरे गांव की तस्वीर बदल सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बनाया नहीं जाता, बल्कि शिक्षक जन्म से होता है और उसका व्यक्तित्व समाज निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है।



### शिक्षा और रंगमंच का ऐसा समन्वय

आकाशवाणी बिलासपुर की कार्यक्रम प्रमुख डॉ सुप्रिया भारतीयन ने कहा कि 45 दिनों की इस कार्यशाला ने बच्चों के भीतर छिपी भावनाओं और प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति का मंच दिया है। उन्होंने स्वर्गीय योगेश पांडे को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा और रंगमंच का ऐसा समन्वय स्थापित किया, जिसने अनेक विद्यार्थियों की प्रतिभा को नई दिशा दी। उनके प्रयासों से यह सिद्ध हुआ कि थिएटर शिक्षा का प्रभावी माध्यम बन सकता है। चैतन्य महाविद्यालय, पामगढ़ के डायरेक्टर वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के नाट्य आयोजन युवाओं में सृजनात्मक सोच, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करते हैं। उन्होंने अग्रज नाट्य दल द्वारा निरंतर किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यों की सराहना की।



### सामाजिक रूढ़ियों और लैंगिक असमानता को मंचित किया

दूसरे दिन की पहली प्रस्तुति ओ राजा जी रही। डॉ विनोद कुमार गुप्त द्वारा लिखित एवं सुनील चिपड़े निर्देशित इस व्यंग्य नाटक ने सत्ता, व्यवस्था की विसंगतियों, आम आदमी की उपेक्षा और सामाजिक असमानताओं को हास्य-व्यंग्य के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में अर्पित, अतुल, श्रवण, डॉ. अतुल, मयंक, देविक, विपिन, अमृतेरा, गोपाल, हर्ष और दीक्षांश ने प्रभावी अभिनय किया। वहीं चम्पा भट्टाचार्जी के संगीत निर्देशन में प्रशांत, अजय, राहुल, अंकित, धनंजय, हर्षल और सत्येंद्र ने गीतों की प्रस्तुति दी। गीत लिखा था श्वेता पाण्डेय ने।

दूसरी प्रस्तुति लेट्स ब्रेक रही। सुमेधा अग्रश्री लिखित एवं सुनील चिपड़े निर्देशित इस नाटक ने स्त्री-पुरुष संबंधों, सामाजिक रूढ़ियों और लैंगिक असमानता जैसे विषयों को संवेदनशीलता के साथ मंचित किया। ऐश्वर्य लक्ष्मी बाजपेयी, मीनू सिंह, तुलिका बाजपेयी, वंदना भांगे एवं प्रेमा कौशिक के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। मंच सज्जा रमाकांत सोनी और अरुण भांगे की रही।

## कथक में वर्णिका व नवनी ने दी प्रस्तुति




**बिलासपुर।** मंगलम महोत्सव में शहर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागी शामिल हो रहे है, रायपुर की वर्णिका तिवारी ने सब जूनियर कथक में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। वहीं रायपुर की ही गुरू हिमानी अकादमी की नवनी खरे ने भी एकल कथक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



## मिहिर तबला वादन में प्रथम एवं अदिति ने गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**बिलासपुर।** कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नाद मंजरी तृतीय सत्र प्रदर्शन एवं दृश्य कला महोत्सव एवं प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने नृत्य, संगीत, वाद्य वादन, चित्रकला एवं रेखाचित्र सहित अनेक विधाओं में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला, संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों ने भाग लिया।





26 जून को प्रतियोगिता की कनिष्ठ एकल तबला वादन श्रेणी में 10 वर्षीय मिहिर जग्यासी ने अपने उत्कृष्ट, सटीक एवं मनमोहक तबला वादन से निर्णायक मंडल एवं उपस्थित श्रोताओं का हृदय जीतते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ एकल गायन ओपन श्रेणी में अदिति नीरज जग्यासी ने अपनी मधुर, भावपूर्ण एवं सुरमयी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित करते हुए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया मात्र 10 वर्ष की आयु में मिहिर ने जिस आत्मविश्वास, लयबद्धता, एकाग्रता और साधना का परिचय अपने तबला वादन में दिया, उसने निर्णायक मंडल के साथ-साथ सभागार में उपस्थित सभी कला प्रेमियों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। इतनी कम आयु में संगीत के प्रति उनकी गहरी समझ, ताल पर मजबूत पकड़ तथा मंच पर सहज प्रस्तुति सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

## सीएमओएआई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

**बिलासपुर।** एसईसीएल के वसंत विहार स्थित वसंत क्लब में शनिवार को कोल माइन्स ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एसईसीएल शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास रहे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी अधिकारियों के हितों के संरक्षण के साथ-साथ संगठन और कंपनी की प्रगति में सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर सीएमओएआई एसईसीएल शाखा के अध्यक्ष श्री आशीष त्यागी, उपाध्यक्ष श्री तिलकराज एवं श्री अजय पंडित, महासचिव आलोक खुल्लर, संयुक्त महासचिव डॉ अनु नेहा एवं डॉ. सुमित कृष्णन, कोषाध्यक्ष श्री अनुप रहाटे तथा संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री अजय गुप्ता ने अपने-अपने पदों की शपथ ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि सीएमओएआई एसईसीएल शाखा के चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत एसईसीएल मुख्यालय तथा विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों में मतदान संपन्न हुआ था। इसके उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे। शपथ ग्रहण समारोह में एसईसीएल के अधिकारीगण एवं सीएमओएआई के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**बारिश के मौसम में कूल और स्टाइलिश दिखने युवा अभी से अपडेट कर रहें वॉर्डरोब**

# यूथ को भा रहे रेयॉन, शिफॉन जॉर्जेट व नायलॉन के ट्रेंडिंग आउटफिट्स

बारिश के मौसम में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए युवा अभी से अपनी वॉर्डरोब अपडेट करने लगे हैं। इस साल मानसून फैशन में ब्राइट और नियॉन कलर्स के साथ-साथ हवादार और क्विक-ड्राई यानी जल्दी सूखने वाले कपड़े ट्रेंड कर रहे हैं। मानसून के मौसम में खुद को फैशनेबल और आरामदायक रखने के लिए युवा हल्के फैब्रिक चुन रहे हैं।

कार्नर न्यूज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के कॉलेज गोइंग युवा मानसून फैशन की तैयारी में जुट गए हैं। मानसून फैशन में यूथ के लिए रेयॉन, शिफॉन और जॉर्जेट बेस्ट होने के साथ-साथ पहली पसंद होते हैं। बारिश के मौसम में ए-लाइन ड्रेसेस, नी-लेंथ या मिडी स्कर्ट्स और शॉर्ट्स की काफी डिमांड रहती है। एंकल-लेंथ ट्राउजर्स, सिगरेट पैंट्स और क्रॉप-पैंट्स की चलन खूब है।

इसके अलावा फुटवियर में ट्रांसपेरेंट गमबूट्स और ब्राइट कलर के वाटर-रेसिस्टेंट स्नीकर्स ट्राय कर सकते हैं। नर्सरी से लेकर 12वीं तक यूनिफार्म में डिसिप्लिन के साथ कैंपस में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स अब कॉलेज कैंपस में एंट्री करेंगे। इसकी तैयारी में स्टूडेंट्स के लिए नए लुक में दिखना तो बनता है। फैशन कारोबार व डिजाइनिंग से जुड़े लोगों का कहना है कि 2026 में कॉलेज फैशन में कंफर्टेबल, तकनीक और स्थिरता के साथ-साथ पुरानी यादों और स्टेटमेंट एक्सेसरीज़ का मिश्रण दिखेगा। इस वर्ष कॉलेज कैंपस का फैशन बोल्ड, चमकीले रंगों और ग्राफिक प्रिंटों वाले कपड़े स्टूडेंट्स को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।



### गर्ल्स फैशन प्रजेंटेशन को लेकर काफी संजीदा

गर्ल्स के लिए फैशन मार्केट में कुछ नया देखने को मिल रहा है। प्रीपी स्टाइल, स्मार्ट बेल्टस, इयररिंग्स, एंक्लेट्स, टो रिंग, ब्रेसलेट्स, स्मार्ट बेल्टस और बिना लैसेज वाले जूते जैसे एक्सेसरीज की मांगें बढ़ रही हैं। इसकी तैयारी में स्टूडेंट्स के लिए नए लुक में दिखना तो बनता है। कॉलेज में पहली बार कदम रखने वाली छात्राएं अपने फैशन प्रजेंटेशन को लेकर काफी संजीदा हैं। ऐसे में बरसात के मौसम के अनुरूप मार्केट से अपने जरूरी फैशन सामग्रियों को कैरी कर रही हैं।

### स्मार्ट गैजेट्स की भी खरीदारी

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेबलेट एक्सेसरीज़ की खूब खरीदारी शुरू हो गई है। शहर के गोल बाजार, वॉच, शूज के शो रूम पर स्टूडेंट्स की भीड़ दिखने लगी है। स्टूडेंट्स कॉलेज प्रवेश को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे में कॉलेज कैंपस में दूसरों से अलग दिखने के लिए कंफर्टेबल एवं स्टाइलिश फैशन वीयर्स को अपने ड्रेसेस कलेक्शन में शामिल कर रहे हैं। ताकि, जब वे पहली बार कॉलेज में कदम रखें, तो उनकी पर्सनालिटी में कॉन्फिडेंस और स्मार्ट लुक नजर आना चाहिए।



**खबर संक्षेप**

### शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने मनोज



**बिलासपुर।** सकरी स्थित बचन बाई बाल सुंदर आत्मानंद हाईस्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनोज साहू अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष सुनीता साहू को बनाया गया है। पच्चीस सदस्यों की टीम की उपस्थिति में सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव शांति पूर्वक किया गया, जिसमें विद्यालय के स्टॉफ सहित प्रिंसिपल संध्या तिवारी की उपस्थिति रही।

### रिकार्ड संशोधन के लिए विशेष अभियान शुरू

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई केवाईसी एवं रिकार्ड संशोधन का विशेष अभियान शुरू किया गया है। श्रमिकों के कल्याण और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों ने 30 जून तक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने सभी पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कमन सर्विस सेंटर में उपस्थित होकर अपने विवरण का सत्यापन कराने कहा है।

### सहकारिता व उद्योग स्थाई समिति की बैठक 1 जुलाई को

**मुंगेली।** जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। समिति की सभापति श्रीमती अनीता साहू के मागदर्शन में इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्योर् की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में सहकारिता, उद्योग, विपणन, रेशम, खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े विकास कार्योर्, योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्धियों पर चर्चा होगी। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक किए गए कार्योर् की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

### कैप्सूल वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**जैजैपुर।** जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हसौद-धनवार पारा मार्ग पर हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 27 जून को भेड़ीकोना निवासी अरविंद सोनी और सहसराम बाइक से जा रहे थे। वे हसौद-धनवारपारा मार्ग पर पहुंचे ही थे कि इसी दौरान कैप्सूल वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद सोनी और सहसराम गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और जैजैपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर पहुंचाया गया। इलाज के दौरान अरविंद सोनी की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल सहसराम की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर हादसे के बाद घटना स्थल पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

**निधन**

### राजकुमार वर्मा



**बिलासपुर।** करबला रोड पुराना हाईकोर्ट रोड निवासी राजकुमार वर्मा उर्फ राजू का निधन 26 जून को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार नारियल कोठी रोड मधुबन श्मशान घाट में किया गया। वे आनंद वर्मा के छोटे भाई और प्राची वर्मा के पिता थे।

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्ण विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल

# विद्यालय बच्चों के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम




शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल विधायक धरमलाल कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक बिल्हा विधानसभा अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय लछनपुर पथरिया में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय में नवस्थापित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया।

साथ ही बच्चों के साथ आत्मीयता से न्योता भोज में भोजन किया तथा सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं, इसके अतिरिक्त "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों के सपनों को नई उड़ान देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

### शिक्षा का सम्मान, बेटियों का अभिमानः लहरिया



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपसचेतक दिलीप लहरिया ने सहभागिता कर नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत किया तथा शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं मस्तूरी विधानसभा का गौरव बढ़ाने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। विधायक दिलीप लहरिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। शिक्षित बेटी केवल अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और प्रदेश का भविष्य संवारती है। इस अवसर पर विघालय स्टाफ,पालक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पिपरानार में प्रवेश उत्सव व न्योता भोज कार्यक्रम



**मोपका।** शासकीय प्राथमिक शाला पिपरानार सोंठी में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव व न्योता भोज कार्यक्रम किया गया। इस अवसर की मुख्य अतिथि सरपंच नीमा गोपी वस्त्रकार थे विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत प्रधान पाठक कन्हैया सिंह मरावी वरिष्ठ समाजसेवी साखन दर्वे तथा संकुल प्रभारी आरके खुटे उपसरपंच देवेंद्र पोर्ते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत व्याख्याता गया प्रसाद राज ने की। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को टीका लगाकर पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति व्याख्याता गया प्रसाद राज ने कहा कि बच्चों के पहले गुरु उनके माता-पिता होते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक विनोद कुर्रे ने एवं आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षक देव कुमार टेंगवर ने किया इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीतू मरकाम, पंच रमेश कंवर, राजकुमारी, हेमलता पोर्ते, शिवनारायण केवट, रामा मरकाम, सुनीता मरावी रामेश्वरी मरकाम, तीजमति मरावी, नवीन वस्त्रकार, भोलाराम पोर्ते सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## सात सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

■ बिजली आफिस का किया गया घेराव

**मस्तूरी।** क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विधायक दिलीप लहरिया एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम साहू के नेतृत्व में सात सूत्रीय मांगों को लेकर सब स्टेशन पचपेड़ी के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में बिजली, पानी, सड़क, जर्जर पोल, जर्जर तार, लगातार बिजली कटौती सहित कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया और मुख्यमंत्री के नाम पर विभागीय अधिकारी गंगासागर ध्रुव को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विधायक दिलीप लहरिया ने अधिकारियों से क्षेत्र में हो रही लगातार बिजली कटौती पर रोक लगाने, जर्जर तारों एवं जर्जर बिजली पोलों को तत्काल बदलने तथा बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर राजकुमार अंचल, मनोहर कुर्रे, उत्तरा रात्रे, शशि पाटले, अशोक राजवाल, दामोदर कांत, चन्द्र प्रकाश कुर्रे, देवेंद्र कृष्णन ,अरविंद लहरिया, छबी सेन बंजारे, साहिल मधुकर, गजानंद राठौर, विजय नामदेव, ज्वाला प्रसाद, बिंद्रम जायसी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

### भगवती चौरा सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा पाठ



**मस्तूरी।** भगवती चौरा गुड़ीबस्ती में हनुमान चालीसा समिति द्वारा लगातार 289वें सप्ताह सुन्दर काण्ड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ बाजे गाजे के साथ किया गया। जिसमें बागेश्वरधाम सुन्दर काण्ड मंडल बनाने की चर्चा हुई। बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के प्रकल्पो से जुड़ने के लिए 21 लोगों की सूची बना कर भेजा जा रहा है। चयन प्रक्रिया हो गई हैं। इस कार्यक्रम में बिलासपुर से जिला प्रभारी प्रतिमा श्रीवास्तव, युवा प्रभारी मातृशक्ति प्रमुख हिमानी सिंह, सेवा प्रभारी पूजा कर्ष, सुरक्षा प्रभारी लिली सिंह ठाकुर, ह्रदेश लोगानी, मस्तूरी प्रभारी बसंत गुप्ता, प्रवक्ता प्रकाश अवस्थी, मोनू यादव, सुभम, दिनेश, बलराम, सुनहर, दसरथ, प्रकाश तिवारी, राम, रवि, केजा, सोनू, हेमंत, अनिल, गोवर्धन, मनोज, सुरेन्द्र त्रिपाठी, मिश्रा सहित गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



### संतोष बने अध्यक्ष, सुरेश महासचिव

**मस्तूरी।** प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार निगियाडीह छात्रावास में संभागीय अध्यक्ष धनेश केवट के नेतृत्व में परिक्षेत्र मस्तूरी (वेद परसदा) के क्षेत्रीय संगठन का गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके दायित्व सौंपे गए।

संगठन में अध्यक्ष संतोष केवट (ग्राम मानिकपुर), महासचिव सुरेश केवट (ग्राम खेकसही), कोषाध्यक्ष विष्णु केवट (ग्राम वेद परसदा), संरक्षक मोहित राम केवट (ग्राम पासीद) सर्किल अध्यक्ष (वेद परसदा) शोभित राम केवट (ग्राम पाली) शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रदेश प्रचार सचिव राजकुमार निषाद, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीप निषाद, जिला अध्यक्ष हर प्रसाद निषाद, पूर्व अध्यक्ष (बिलासा सेवा समिति) गजेंद्र केवट, जाली लगरा गद्दी अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद केवट, निषाद पार्टी प्रदेश आईटी सेल के कुंज राम निषाद, सर्किल मानिकपुर के धनसाय केवट सहित प्रदेश, संभाग, जिला एवं क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरपंच ने दीवारों पर लिखवाए सामान्य ज्ञान के प्रश्न, ताकि बच्चों का बढ़े ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बच्चों के साथ चर्चा करते गांव के सरपंच।

ग्राम पंचायत सेलर के सरपंच धनंजय सिंह ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा में सफल बनाने ग्राम के स्कूल से मुख्य गुड़ी तक दीवारों पर सामान्य ज्ञान के प्रश्न लिखे हैं। प्रश्न को स्कूल के बच्चे आते जाते पढ़ते हैं और ज्यादा से ज्यादा जनरल नॉलेज की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

60 दिनों बाद इन प्रश्नों को मिटाकर दूसरे प्रश्न लिखे जाएंगे। 60 दिन बाद छठवीं से 12वीं तक के बच्चों की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें सबसे ज्यादा अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। जब बच्चे 12वीं पास कर किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेंगे तो उनको लगभग हजारो सामान्य ज्ञान के प्रश्न याद हो जाएंगे। गांव के बच्चे आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षा में अधिक से अधिक स्थान बना सकेंगे। आने वाले समय में दीवार लेखन में गांव के सक्षम व्यक्तियों की भागीदारी से कराया जाएगा, इसमें किसी भी प्रकार के शासकीय मद का उपयोग नहीं किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य कागांव के सभी गणमान्य नागरिक सभी शिक्षकों का विशेष रूप से सहयोग है।

### मलबा सड़क किनारे रखने से परेशानी



**मोपका।** नाली का कचरा निकाल कर सड़क किनारे जगह-जगह ढेर लगा दिया गया है। इससे बदबू से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों की शिकायत है कि नाली की सफाई कर कचरा उठाने पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इससे वह फिर नाले के अंदर चला जाता है। विगत चार-पांच दिनों से नाली की सफाई कर कचरा सड़क के किनारे छोड़ दिया गया है जो फैल कर आधी सड़क तक आ जाती है और लोग बदबू से अलग परेशान होते हैं। वार्ड वासियों ने मांग की है कि जनहित को देखते हुए रोड में फैली हुई गंदगी को तत्काल उठाया जाए।

### वार्ड क्रमांक 47 के नल से आ रहा गंदा पानी



**मोपका ।** वार्ड क्रमांक 47 के नल से इन दिनों काफी गंदा पानी आ रहा है। बताया जा रहा है कि पानी टंकी पैठु तालाब के पास बंजारी पारा में स्थित है। वहां से विगत 10-15 दिनों से मटमैला पानी आ रहा है, जो पीने लायक नहीं है। इससे लोग गंदा पानी पीने मजबूर है। कभी दोपहर तो कभी शाम, सुबह अलग-अलग समय में अलग-अलग कलर का पानी आ रहा है। वार्डवासियों ने लीकेज की जांच कर इसे दुरुस्त का करने की मांग की है। ज्ञात हो कि इस टंकी का पानी साहू मोहल्ला से लेकर सूर्यवंशी मोहल्ला तक सप्लाई होती है।

## भारतीय किसान संघ ने मांगों को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन




**मरवाही।** भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला अध्यक्ष रामनारायण राय के नेतृत्व में 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ ने मांग की जिले के विभिन्न सहकारी समितियों एवं भंडारण केंद्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए ओर तीन किश्तों में मिलने वाले खाद को एकमुश्त किसानों को उपलब्ध कराया जाए, साथ ही वर्तमान के खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार ट्रेक्टर एवं डिब्बो में निर्बाध डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो। ज्ञापन में कृषि कार्यों के लिए जिले में बनाए गए कृषि फीडरों में शाम 5 से रात 12 बजे जो बिजली आपूर्त बाधित रहती है उसे किसानों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने तथा विद्युत विभाग द्वारा विद्युत वितरण केंद्र के संपर्क नंबर जिसमें बात हो सके बिल में अंकित करवाया जय साथ ही किसानों की शिकायतों के त्वरित निराकरण की मांग भी की गई। किसानों ने जिले की जर्जर सिंचाई व्यवस्था में सुधार जैसे कुम्हारी व्यपवर्तन, घाघरा जलाशय, सोन नदी किनारे पत्थरी एवं परासी में उद्वहन सिंचाई योजना को पुनर्जीवित करने तथा सकोला में सोन नद पर बने बांध से सेक्वा में भी पानी पहुंचाने की मांग करते हुए पुराने तालाबों एवं जलाशयों के गहरीकरण तथा नई सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण बांगो डेम के पानी को जिले में लाने की दिशा पर जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला मंत्री सीताराम कैवर्त, उपाध्यक्ष कमलेश राठौर, कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता, प्रसार प्रमुख सावन राय, युवा प्रमुख माखन रजक, बीज प्रमुख चंदर रैदास, चूड़ामणि केवट, चैतमन केवट, वेदप्रकाश चंद्रा, हरनारायण केवट, भरतलाल केवट, चंद्रभान मरावी, कमलेश्वर सिंह, तीरथ भानु, हरि भानु समेत संघ के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेक्टर सुपरवाइजरों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण



**मस्तूरी।** देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून तक चलेगा। अभियान की सफल बनाने के लिए और तैयारियों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी में सभी सेक्टरों के सुपरवाइजरों एवं स्वास्थ्य अमले की संयुक्त बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में सभी सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएच ओ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक आर एच ओ महिला एवं पुरुष, द्वितीय ए एन एम तथा बीसी, मितानिन प्रशिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार द्वारा निर्देशित किया कि प्रत्येक सेक्टर अपने क्षेत्र में शत-प्रतिशत बच्चों को खुराक पिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर मनोज सैम्युल, डॉक्टर अनिल कुमार, भूपेन्द्र देवांगन, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, संतोष महिलांगे एवं समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, बीसी, मितानिन प्रशिक्षक, सेकंड एएनएम आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

## शिविर में डिजिटल सशक्तिकरण पर जोर




**बोदरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को तकनीक से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग "सरल ऐप" के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण सामग्री एवं विभिन्न अभियानों से जुड़ने की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यम संगठन विस्तार और जनसंपर्क का सबसे प्रभावी साधन बन चुका है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर संगठन की विचारधारा, उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचानी चाहिए। बोदरी मंडल मीडिया प्रभारी जय रजक ने कहा कि सोशल मीडिया आज संगठन की शक्ति को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक बूथ स्तर के कार्यकर्ता को डिजिटल रूप से सक्रिय बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ना है, जिससे संगठन और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बन सके। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को सरल ऐप के विभिन्न फीचर्स, डिजिटल संवाद, सोशल मीडिया प्रबंधन तथा संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। वहीं सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए डिजिटल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह, जिला महामंत्री सोमेश तिवारी, जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित बिलासपुर, तखतपुर, बोदरी, सिरगिट्टी, बरतोरी एवं बिल्हा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि मैं अपने पक्षकार से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशन करा रहा हूँ जिसमें मेरे पक्षकार श्रीमती रश्मि गुप्ता उम्र 38 वर्ष पति श्री प्रकाश गुप्ता निवासी पाठक किराना स्टोर के सामने विनोबा नगर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा भूमिस्वामी श्री संजय शेंडे उम्र 39 वर्ष निवासी आर.4/24 रामा वैली बोदरी तह.व जिला बिलासपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि की मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. व तहसील बिलासपुर में स्थित खसरा नम्बर 730 /25 कुल रकबा 594 वर्गफुट द्वारा मेरे पक्षकार को विक्रय करने का पक्का सौदा किया जा चुका है तथा अग्रिम राशि भूमि स्वामी को दिया जाकर इकरारनामा 24.04.2026 को निष्पादित किया गया है जिसका विक्रय पंजीयन यथाशीघ्र किया जाना है अतः उक्त भूमि के रजिस्ट्री में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, विभागीय संस्था, शासकीय अर्धशासकीय निगम निकाय को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं अवैध व अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक–27/06/2026

भारत यादव (अधिवक्ता)
मो. 9098471522
6264714999
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विकास सिंह पिता श्री के.के.सिह निवासी एच.आई.जी. 2/3, नर्मदा नगर, मंगला चौक, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत होकर एवं उनसे प्राप्त निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा अमरीका शर्मा पिता स्व. श्री शंकर शर्मा निवासी, चंदा फर्नीचर, उस्लापुर स्टेशन के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित मौजा चोरभट्ठी कला प.ह. नं. 50 रा.नि.म. सकरी ग्राम पंचायत चोरभट्ठी कला, ब्लाक व तहसील तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 74/2 में रकबा 2.24 एकड़ एवं खसरा नंबर 74/2 में से क्षेत्रफल 5227 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर बयाना राशि भी विक्रेता को अदा कि जा चुकी है तथा शीघ्र ही उक्त भूमि का रजिस्टर्ड बैनामा मेरे पक्षकार के पक्ष निष्पादित किया जाना है।

अतः उक्त संबंध में आम जनता, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय वगैरह को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करे उक्त अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने

दिनांक :– 28.06.2026

भवदीय
बृजराज सिंह, अधिवक्ता
नवीन सामुदायिक भवन जिला न्यायालय
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नंबर-9827473453

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल, अमसेना उप-तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / क / रा.नि./ अमसेना
दिनांक : 26/06/2026

1. अनिल दुबे 2. योगेश द्विवेदी 3. अनन्य द्विवेदी 4. आर्यन द्विवेदी अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.न.121 के समस्त बटांकनधारी |

विषयः-सीमांकन/मौका जांच/नक्शा बटांकन धारी।

सन्दर्भः न्यायालय तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. क्रमांक/तह./रीडर 2026

ग्राम सैदा म.नं.05 प.ह.नं.41 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक अनन्या आर्यन पिता /वलि लक्ष्मी द्विवेदी के द्वारा खसरा नंबर 121/44, 121/45, 121/46 रकबा 0.081, 0.040, 0.121 के सीमांकन/ मौका जांच /नक्शा बटांकन हेतु तहसीलदार /नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमांकन /मौका जाँच/नक्शा बटांकन की कार्यवाही दिनांक 30/06/2026 और समय 2.00 pm को किया जावेगा। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित सुनिश्चित करें। उपस्थिति नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तन शील होंगे।

राजस्व निरीक्षक मंडल, अमसेना
तहसील सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202606250200058/अ-6/ 2025-26 ग्राम-खेड़ा प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा ग्राम खेड़ा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीणा तिवारी पिता/पति स्व. बलभद्र प्रसाद पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम दीनदयाल कॉलोनी मंगला बिलासपुर तह. व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम खेड़ा प.ह.नं.-15 स्थित भूमि ख.नं. 440/1 रकबा 0.227 हे. का पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किय है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 13/7/2026 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार मुंगेली

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### श्री कृष्ण धाम इमलीपारा यादव भवन के संचालन के लिए समिति गठित



**बिलासपुर।** श्री कृष्ण धाम यादव भवन इमलीपारा में 27 जून को बैठक हुई। जिसमें यादव समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जिसमें श्री कृष्ण धाम यादव भवन इमली पारा में भवन के संचालन के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। जिसके लिए धन्नु यादव, जसवंत यादव, रामचंद्र यादव, विष्णु यादव, रामकुमार यादव, मनीराम यादव, नंदू राम यादव, दिनेश यादव, भागीरथी यादव, संतोष यादव, टीकाराम यादव, विजय यादव, रामलाल यादव, रामफल यादव, गौरी शंकर यादव, धनंजय यादव, मनोज यादव छोटू, गोलू यादव, नंदकिशोर यादव, , तेरस यादव, भरत यादव, नरेंद्र यादव, विनोद यादव, रमेश कुमार यादव, समीर यादव, रामेश्वर यादव, लाल जी यादव, अजय यादव, शैलेंद्र यादव, अमित यादव, कृष्ण कुमार यादव, सरजू यादव, उमेंद यादव, किशोर यादव, अभिमन्यु यादव, दुर्गा यादव, संतोष यादव, दुर्गेश यदु, अशोक यादव, राजकमल यादव, राम प्रसाद यादव, मंगू महेंद्र यादव, दीपक यादव, ललित यादव, विश्वनाथ यादव, गोपाल यादव, मंजीत यादव, विलास यादव, आयुष यादव है। इनके द्वारा श्री कृष्ण धाम इमली पर यादव भवन का संचालन किया जाएगा। जिसमें होने वाले सभी रचनात्मक कार्यों एवं निर्माण से संबंधित कार्यों की देखरेख करेंगे। जिसमें यादव समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हुए इस समिति का गठन किया गया है। गत दिनों हुए कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोख़न साहू द्वारा 15 लाख रुपए एवं महापौर पूजा विधानी द्वारा 500000 की स्वीकृति दी गई थी। उक्त राशि से श्री कृष्ण धाम यादव भवन इमली पारा बिलासपुर का जीर्णोद्धार होना है जिसकी देखरेख एवं संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है।

### सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव में किया गया गुरू महिमा पाठ सत्संग भजन



**बिलासपुर।** दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 और 28 जून को श्री सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में आयोजित किया जा रहा है। मंडल के कार्यक्रम अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी ने बताया कि 27 जून शनिवार को सुबह 9 बजे गुरू महिमा पाठ सत्संग भजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक व मंत्री पुन्नू लाल मोहले ने सामूहिक विवाह और प्रकट उत्सव के लिए 25000 रुपए सहयोग राशि दिया। उन्होंने समाज मे एकरूपता लाने नशाखोरी से मुक्त,समाज मे शांति लाने को कहा। सदगुरु कबीर साहेब के बताए मार्ग में चलने कहा। इस अवसर पर धनीधर्मदास वंशावली कबीरपंथ समिति जरहाभाठा आश्रम सेवक एवं न्यायाधीश दीवान अमरु दास एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी, महंत लीलादास, महंत कैलाश दास साहेब, मनहरण दास महंत, दीवान सेवक दास, पुष्पेंद्र दास महंत, राजेश दास महंत, आकाश दास मानिकपुरी, जितेंद्र दास मानिकपुरी, लक्ष्मी दास मानिकपुरी आदि मौजूद थे। 28 जून रविवार को कबीर सत्संग भजन दोपहर 2.30 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती होगी। इस दौरान कबीर पंथ समाज सामूहिक विवाह समारोह आमीन माता महिला मंडल द्वारा किया जाएगा।

### प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज अध्यक्ष का चुनाव आज

**बिलासपुर।** प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज में अध्यक्ष पद का निर्वाचन 28 जून रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी कामता प्रसाद सोनी एवं सूर्यकांत सोनी मैदान में हैं। चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। दोनों ही प्रत्याशी मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने के प्रयास में जुटे हैं। दोनों ही प्रत्याशियों ने जीत की दावेदारी की है। सभी कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों से इस चुनाव में शामिल होने की अपील की गई है। दोनों ही प्रत्याशियों ने समाज में अपनी कार्यकुशलता और समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं।

### निगम आयुक्त ने ठेकेदार को दी ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी



**बिलासपुर।** नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मंगला स्थित 10 एमएलडी एसटीपी के निर्माण में लेटलतीफी करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर जल्द काम पूरा नहीं करने पर ब्लैक लिस्ट करने और 10 प्रतिशत राशि पेनाल्टी लगाने की चेतावनी दी है। निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के एमडी ने शनिवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विभिन्न निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के एमडी श्री सर्वे ने सबसे पहले मंगला में नाला के गंदे पानी को अरपा नदी में जाने से रोकने के लिए बनाए जा रहे 10 एमएलडी एसटीपी का निरीक्षण किया। इस दौरान काम की धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेका कंपनी मेसर्स श्रद्धा कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि समय रहते शीघ्र कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 प्रतिशत पेनाल्टी और ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी। मंगला में स्मार्ट सिटी द्वारा 10 एमएलडी और 6 एमएलडी के दो एसटीपी बनाया जा रहा है, जिनमें से 6 एमएलडी के एसटीपी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है, जबकि 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। पूर्व में 6 एमएलडी एसटीपी के निर्माण में देरी होने पर 26 लाख की पेनाल्टी लगाई गई थी और 10 एमएलडी एसटीपी के निर्माण में भी देरी होने पर 41 लाख की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। इसके अलावा श्री सर्वे ने कोनी स्थित कन्वेंशन सेंटर का जायजा लिया, जहां ऑडिटोरियम में चेयर इंस्टालेशन, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग समेत थोड़े बहुत कार्य बाकि है, उसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड में ऑटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल पार्किंग भी बनाया जा रहा है।

## अभी भी इमरजेंसी सेवा नहीं, दोपहर बाद हो जाता है बंद

# 200 करोड़ के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने की साजिश : केशरवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कोनी स्थित कुमार स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बदहाली को लेकर कांग्रेस के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने मोर्चा खोलते हुए सवाल दागे। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ के अस्पताल में सुविधाएं और डाक्टर मौजूद नहीं हैं, ऐसे में यह रिफरल सेंटर बनकर रह गया है। इस अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है। सरकार को इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने के लिए श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

■ मरीजों, परिजन के रुकने, खाने का कोई प्रबंध नहीं

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केसरवानी ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सरकार को आइना दिखाया। उन्होंने कहा कि कोनी में 200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अस्पताल में 220 बिस्तर तक नहीं है। यह अस्पताल ना होकर महज एक ऐसा भवन बन चुका है, जहां उपकरण तो हैं, पर मरीज नहीं हैं। जिस अस्पताल का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णु देव साय द्वारा किया गया है, उसकी यह हालत है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हार्ट, किडनी, ब्रेन और अन्य जटिल रोगों के इलाज के लिए अब भी मरीजों को बड़े शहरों की ओर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में डॉक्टर, मशीनें, दवाइयां, इमरजेंसी सेवा और मरीजों की जान बचाने की पूरी व्यवस्था नहीं है।

### रिफरल बन चुका है अस्पताल

कांग्रेसी नेता ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा,आईसीयू,कैथ लैब,ऑक्सीजन प्लांट, विशेषज्ञ डॉक्टर, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारी,पूर्ण सुविधायुक्त एंबुलेंस,मरीजों और परिजनों के लिए रुकने एवं भोजन की आवश्यक व्यवस्थाएं होनी चाहिए। जहां हार्ट, किडनी और ब्रेन से जुड़े गंभीर मरीज को इलाज मिल सकता है लेकिन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल महज रिफरल सेंटर बन चुका है। सुबह 9 से 2 बजे तक ओपीडी ही लगाई जाती है।

### निजी हाथों में देने की साजिश

200 करोड़ की लागत से बने अस्पताल में करोड़ों रूपए की मशीन लगाई गई है, जिसका सीधा फायदा क्षेत्र की गरीब लोगों को मुक्त में इलाज के तौर पर दिया जाना चाहिए लेकिन अस्पताल के संचालन में आ रही दिक्कत और अपनी कमियों को छुपाने के लिए सरकार द्वारा अस्पताल को निजी हाथों में देने की तैयारी की जा रही है। जगदलपुर में बनाया गया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहले ही निजी हाथों को सौंप दिया गया है। ऐसे में सरकार को स्थिति स्पष्ट कर कोनी स्थित अस्पताल के लिए श्वेत पत्र देना चाहिए।

### नामकरण कर भूल गई सरकार

अस्पताल का नाम प्रदेश के वरिष्ठ नेता और जनभावनाओं से जुड़े स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के नाम पर रखा गया है। वहीं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के आग्रह पर सरकार द्वारा अस्पताल का नामकरण किया गया लेकिन इसके बाद लोगों को सुविधा देना ही सरकार भूल चुकी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि स्वर्गीय जूदेव के नाम पर अस्पताल बनाने के बाद उनका सम्मान बचाने की जिम्मेदारी किसकी है।

## कांग्रेस तो मशीनों के डिब्बे तक नहीं खुलवा पाई, अब हो रहा इलाज: भाजपा

**बिलासपुर।** जूदेव स्मृति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी के संचालन व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस को उसकी ही सरकार के कार्यकाल की याद दिलाई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल एवं जिला प्रवक्ता प्रणव शर्मा समदरिया ने कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है और अपनी सरकार की विफलताओं पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को वर्ष 2014-15 में भाजपा सरकार के समय स्वीकृति मिली थी तथा वर्ष 2018 में इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया था। इसके बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बावजूद अस्पताल प्रारंभ नहीं किया जा सका। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अस्पताल में स्थापित होने वाली मशीनों के डिब्बे तक नहीं खोल पाई, जिसके कारण उपकरणों का मेंटेनेंस अनुबंध समाप्त हो गया और प्रदेश की जनता आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से वर्षों तक वंचित रही। जिला प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस के एक पूर्व विधायक ने शहर भर में होर्डिंग लगाकर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का श्रेय लेने का प्रयास किया था। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष से सवाल किया कि क्या वे अपने ही पूर्व विधायक से पूछेंगे कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब अस्पताल शुरू क्यों नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले अपनी सरकार की जवाबदेही तय करे, उसके बाद भाजपा पर आरोप लगाए। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनने के बाद 29 अक्टूबर 2024 को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का संचालन प्रारंभ किया गया। वर्तमान में अस्पताल में आवश्यक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अधिकांश जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं तथा जिन उपकरणों की आवश्यकता है, उनके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में नियमित भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। जहाँ पहले प्रतिदिन केवल 10 से 20 मरीज आते थे, वहीं अब प्रतिदिन लगभग 120 से 140 मरीज उपचार के लिए पहुँच रहे हैं। अस्पताल में 50 पथरी रोगियों का बिना चीर-फाड़ सफल उपचार किया जा चुका है।

■ जूदेव स्मृति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पर भाजपा का पलटवार

# ओयू में बीएड एवं डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए 54 हजार से अधिक आवेदन आए

## प्रवेश के लिए होगी कड़ी प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित बीएड एवं डीएलएड दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के प्रवेश सत्र 2026-27 में अभ्यर्थियों का उत्साह इस वर्ष भी देखने को मिला है। सीमित सीटों के मुकाबले बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने से दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रहेगी। विश्वविद्यालय को बीएड पाठ्यक्रम की 500 सीटों के लिए 19762 तथा डीएलएड की 2400 सीटों के लिए 34736 आवेदन हैं।

इस प्रकार दोनों पाठ्यक्रमों के लिए कुल 54 हजार 498 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रशिक्षित शिक्षकों की बढ़ती आवश्यकता, शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसर तथा अध्यापन को सम्मानजनक और स्थायी करियर के रूप में अपनाने की बढ़ती इच्छा के कारण




बीएड एवं डीएलएड पाठ्यक्रमों के प्रति आकर्षण निरंतर बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदन इस बात का प्रमाण हैं कि विश्वविद्यालय के इन पाठ्यक्रमों पर अभ्यर्थियों का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा प्री. बीएड/प्री. डीएलएड प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 19 जुलाई रविवार को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में प्री. बी.एड. परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में प्री. डीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक होगी।

### परीक्षा तिथि से तीन दिवस पूर्व प्रवेश पत्र कर सकेंगे डाउनलोड

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया है कि परीक्षार्थी परीक्षा तिथि से तीन दिवस पूर्व विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.pssou.ac.in से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

### प्रभावी प्रचार-प्रसार का मिला सकारात्मक परिणाम

कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत के मार्गदर्शन एवं पहल पर प्रवेश सत्र 2026-27 के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप सहित विभिन्न डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संचालित पाठ्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया। इसके साथ ही समाचार पत्रों, न्यूज पोर्टलों एवं अन्य जनसंचार माध्यमों के माध्यम से भी प्रवेश संबंधी जानकारी निरंतर अभ्यर्थियों तक पहुंचाई गई। इस जनजागरूकता अभियान का परिणाम यह रहा कि बी.एड. एवं डी.एल.एड. पाठ्यक्रमों में रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए।

# एवीएम स्कूल के विद्यार्थियों को बोराटे ने दिया सफलता का मूलमंत्र

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध जिला परिषद शिक्षक एवं नवाचारी शिक्षाविद् लहू बोराटे मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी तथा प्राचार्या जी. आर. मधुलिका की उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार ने लहू बोराटे का स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य वक्ता श्री बोराटे ने अपने व्याख्यान में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील, रचनात्मक एवं आत्मनिर्भर नागरिक का निर्माण करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए बड़े सपने देखना आवश्यक है, किंतु उन सपनों को साकार करने के लिए अनुशासन, निरंतर परिश्रम, धैर्य एवं सकारात्मक सोच उससे भी अधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका समाधान खोजने, उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने तथा प्रत्येक असफलता को सीखने का अवसर मानने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर



विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है। विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक सोच, नवाचार और दृढ़ संकल्प अत्यंत आवश्यक हैं। प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कहा कि श्री बोराटे के प्रेरक विचारों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण, अनुशासन और उत्कृष्टता की भावना को और अधिक सशक्त किया है।

## उद्योगपतियों ने मनाया एमएसएमई दिवस

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ द्वारा विश्व एमएसएमई दिवस पर जय दुर्गा एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यक्रम उत्सव की तरह आयोजित किया गया।

सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्योगों का संचालन कर वैश्विक एवं स्थानीय अर्थ व्यवस्था तथा रोजगार सृजन कर विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करते हैं। आज के कार्यक्रम में उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विजय कुमार सोनी, महा प्रबंधक संतोष ध्रुव, जिला एवं व्यापार केंद्र सुश्री कचिता दर्रो एवं अध्यक्ष छ.ग.लघु एवं सहायक उद्योग संघ हरीश केडिया, अध्यक्ष जिला उद्योग संघ बिलासपुर सतीश शाह उपस्थित थे। विजय कुमार सोनी ने औद्योगिक सुरक्षा पर कहा



की कार्य स्थल पर सुरक्षा का ध्यान रखना एवं अपने कार्य स्थल पर ही रह कार्य करने पर जोर दिया। हरीश केडिया ने कहा कि अग्नि दुर्घटना की ज्यादा घटनाए शार्ट सर्किट से होती है। उसके उपाय पर सेमिनार करवाने की आवश्यकता है। संतोष ध्रुव ने सभी लघु उद्योगपतियों को से कहा की उद्योग विभाग सभी की कठिनाइयों के निदान के लिए आपके साथ है। सतीश शाह ने कहा कि इस वर्ष की विश्व एमएस.एम ई दिवस की थीम नवाचार और सतत औद्योगिक विकास के माध्यम सशक्त पर जानकारी प्रदान की ।

कार्यक्रम का संचालन महा सचिव शरद सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में सुनील मारदा, जीतेन्द्र गाँधी, पूर्व अध्यक्ष चन्द्र कान्त भट्ट, राम सुखीजा, एन.एस.राजू, शिव अग्रवाल, मुकेश पमनानी, हनुमान अग्रवाल, प्रभजोत सिंह भाटिया, प्रमोद अग्रवाल, रुनित मारदा, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### शहादत दिवस मनाने लिया गया निर्णय

**बिलासपुर।** लिंगियाडीह स्थित निषाद केवट समाज छात्रावास सभा भवन में 26 जून को एएएन पूर्व सैनिक कल्याण संगठन एवं निषाद केवट समाज की संयुक्त समन्वय बैठक हुई। कांशी कैवर्त ने बताया कि बैठक शहीद वीरेंद्र कुमार कैवर्त के 20वें शहादत दिवस 15 सितंबर 2026 को भव्य रूप से मनाने की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एएएन पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष दत्तात्रेय यादव ने की। बैठक में पूर्व सैनिक प्रफुल्ल, मोहनलाल, पुष्पराज, दीनबंधु, राजकुमार, भरत सिंह, शरदचन्द्र, मुकेश, रविगोपाल, छोटेलाल, अनिल, वारिज सिंह तथा निषाद केवट समाज से हरप्रसाद कैवर्त , शहीद के भाई गजेन्द्र कैवर्त, धनेश कैवर्त, दीप कैवर्त , राजकुमार निषाद, कुंज राम निषाद, आदि मौजूद थे।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की प्रेसवार्ता

# कल से मनेगा सहकारिता सप्ताह, होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जाने वाले सहकारिता सप्ताह की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। सहकारिता के क्षेत्र में केंद्र सरकार के विजन एवं सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई।

इसी विषय को लेकर आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह एवं छत्तीसगढ़ लघु वनोपज निगम के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित किया। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि यह सप्ताह केवल कार्यक्रमों का आयोजन नहीं, बल्कि



सहकार से समृद्धि के राष्ट्रीय संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में पहली बार पृथक सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया, जिससे सहकारिता आंदोलन को नई दिशा, नई पहचान और नई गति मिली है। आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता, डिजिटलीकरण तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सहकारिता को जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्राथमिक कृषि साख समितियों के सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक ऐतिहासिक पहल की गई हैं। इन प्रयासों से सहकारिता क्षेत्र में नई ऊर्जा एवं विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है।



## खबर संक्षेप

### राखड़ डेम में डूबकर कर्मचारी की मौत



**बिलासपुर।** करंट के झटके से राखड़ डेम में डूबकर कर्मचारी की मौत के मामले में दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया 1 जून 2026 को सुबह 6 बजे एनटीपीसी आईएमएस सीप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी नूर मोहम्मद डोंगा 100 एची का मोटर पंप की साफ सफाई कर रहे थे। इसी दौरान करंट का झटका लगने से राखड़ डेम के पानी में गिरने से मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद आईएमएस सीप मैनेजमेंट के डायरेक्टर पवन सुद, साइड इंचार्ज कुदीप ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106,1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**सीपत का मामला:** पेंड्रा जेल से रिमांड पर आरोपियों को लाकर किया बरामद

# सराफा व्यापारी से उठाईगीरी: खरीददार से 3 किलो चांदी, 13 ग्राम सोने के जेवर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सीपत में सराफा व्यापारी से उठाईगीरी के मामले में पुलिस पेंड्रा जेल से आरोपियों को रिमांड में लाकर शहर लाई। उनकी निशानदेही पर खरीददार को पकड़कर 2.88 किलो चांदी, 13.30 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों व खरीददार को गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, 20 फरवरी की शाम 7 बजे खम्हरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी थैले में 8 किलो से अधिक चांदी के जेवर व सोने के जेवर रखकर दुकान से बाहर निकले। थैला बाहर में रखकर वे दुकान का शटर बंद कर रहे थे। इसी दौरान बाइक में तीन लोग आए और एक युवक थैला उठाकर साथियों के साथ बाइक में बैठकर फरार हो गया था। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही थी। 4 जून 2026 को कोटमीकला के सप्ताहिक बाजार में पेंड्रा निवासी सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी की गोली मारकर हत्या व जेवर लूटने के मामले में पुलिस ने सीपत बिटकुला निवासी खुशीराम साहू पिता जगन्नाथ साहू 65 साल, उसका भतीजा राजाराम साहू पिता मूलचंद साहू 25 साल व शूटर बिहार बांका विजयनगर निवासी मनीष उर्फ राहुल मंडल पिता बटेश्वर मंडल 30 साल को पेंड्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों ने सीपत खम्हरिया में सराफा व्यापारी से उठाईगीरी करना स्वीकार किया था। पुलिस तीनों आरोपियों को रिमांड में पेंड्रा जेल से सीपत लेकर आई थी। पुलिस ने तीनों से पूछताछ करने के बाद खरीददार बलौदाबाजार कसडोल सेल निवासी दीपक वर्मा पिता गणेशराम वर्मा 42 साल को पकड़कर उसके पास से चोरी की 2.88 किलो चांदी, 13.30 सोने के जेवर व वारदात में प्रयुक्त बाइक सीजी 10 बीएफ, 2654 को बरामद कर जब्त कर लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### देवघर रेलवे पुलिस ने किया 2 किलो जेवर कट्टा जब्त

आरोपी मनीष उर्फ राहुल मंडल खम्हरिया में वारदात को अंजाम देने के बाद जेवर व नकद रकम का बंटवारा करने के बाद अपने हिस्से के करीब 2 किलो चांदी, एक देशी कट्टा लेकर ट्रेन से बिहार जा रहा था। देवघर के पास रेलवे पुलिस ट्रेन में चेकिंग कर रही थी। पुलिस को देखकर वह जेवर कट्टा छोड़कर भाग गया था। रेलवे पुलिस ने जेवर व कट्टा जब्त कर लिया था। वहीं एक अन्य शूटर पुलिस पकड़ से बाहर है।

### सरगना की पत्नी को छोड़ा गया

सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी खुशीराम साहू की पत्नी को पुलिस ने पकड़कर थाने में दो दिन तक बैठाकर पूछताछ की। उससे चोरी के जेवर भी बरामद किए गए, किन्तु महिला को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया है। इसी तरह शिवरीनारायण के एक सराफा व्यापारी को छोड़ देने की जोरों से चर्चा है।

## सीसी कैमरे की मदद से पकड़े गए जेवरात चोरी के आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आरोपी।

बैग में रखे जेवरात और मोबाइल चोरी की शिकायत के बाद सीसी कैमरे में कैद हुए आरोपी को जीआरपी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। 20 जून को शारदा विहार कोरबा निवासी बीना साहू पति देवप्रकाश साहू 35 साल 18518 लिंक एक्सप्रेस के एसी कोच बी 1 के बर्थ नम्बर 66 में महासमुंद से कोरबा तक सफर कर रही थी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रूकने के बाद वह फ्रेश के लिए गई। वापस आकर उन्होंने अपना बैग गायब देखा। महिला की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ 305 (सी) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर जांच शुरु कर दिया। इस दौरान सीसी कैमरे को भी चेक किया गया, जिसमें आरोपी जेवरात और मोबाइल रखे बैग के ले जाते हुए दिखाई दिया। जीआरपी ने चांपा के पावर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बैचलर हॉस्टल रूम नम्बर 53 से आरोपी सीएच श्रीनिवास पिता स्वर्गीय बीरा स्वामी 55 साल के कब्जे से बैग जब्त कर गिरफ्तार कर लिया है।

### 2.78 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। अभियान के बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया जाएगा। अभियान के लिए 1530 पोलियो बूथ बनाया गया है, इस दौरान जिला अस्पताल, सिम्स, शासकीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खुराक दी जाएगी। इस दौरान जिले में 2 लाख 78 हजार 149 बच्चों का दो बूंद खुराक देने का लक्ष्य है।

### ट्रैक्टर से गिरकर बच्चे की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** ट्रैक्टर से गिरकर एक बच्चे की मौत हो गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, बेलगहना रतखण्डी निवासी अभय पटेल पिता जयलाल पटेल 13 साल 26 जून को ट्रैक्टर में बैठकर जा रहा था। ड्राइवर के लापरवाही पूर्वक चलाने वह ट्रैक्टर इंजन से नीचे गिर गया। ट्राली का चक्का उसके उपर से चल जाने से उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## दो महिला सहित 3 गिरफ्तार, 12 किलो गांजा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ओडिशा से गांजा लाकर खपाने जा रही दो महिलाओं सहित 3 तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 12 किलो 405 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजा की कीमत 62 हजार 500 रुपए बताई जा रही है।

सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली बिलासपुर रेलवे स्टेशन से दो महिला व एक पुरूष आसमानी रंग की ट्राली रखकर उसलापुर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे हैं। ट्राली में गांजा होने की बात कही गई। पुलिस ने उसलापुर स्टेशन रोड लोको पायलेट प्रशिक्षण केंद्र के पास घेराबंदी कर ओडिशा निवासी प्रकाश नायक उर्फ पप्पू पिता प्रमोद नायक 41 साल, उसकी पत्नी नेहा सिंह 34 साल व अर्चना सिंह पिता स्व. राजकुमार सिंह 27 साल जांजगीर चांपा निवासी को पकड़ लिया। ट्राली बैग की तलाशी लेने पर खाकी रंग के प्लास्टिक टेप से लिपटा 12 किलो 405 ग्राम गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 62 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा, 4 मोबाइल जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आपरेशन नारकोस में लावारिस मिला एक लाख का गांजा

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन नारकोस के तहत अभियान चलाकर एक लावारिस बैग की जांच करने के बाद एक लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया है, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में गांजा तस्करी को रोकने के लिए आपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ अभियान चला रही है। इसमें मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेनों पर विशेष निगरानी के साथ ही प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल सहित यार्ड एवं ट्रेनों में चेकिंग हो रही है। इस अभियान के तहत आरपीएफ की टीम ने रेलवे यार्ड में खड़े स्टेबल कोच की जांच की, जिसमें स्प्रेम वैन के नीचे किसी अज्ञात ने लावारिस बैग छोड़ दिया था। आसपास खोजबीन करने के बाद वैन के नीचे पड़े बैग को उठाकर जांच की गई, जिसमें 1 लाख 57 हजार 800 रुपए का गांजा रखा हुआ था। आरपीएफ की टीम ने गांजा जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है।

### जिला यादव समाज की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला यादव समाज की आवश्यक बैठक रविवार 28 जून को शाम 4 बजे से यादव भवन इमली पारा में आयोजित की गई है। जिला अध्यक्ष शिवशंकर यादव ने समाज के सभी पदाधिकारी,सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123



## खबर संक्षेप

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा से लौटे मरपची



**गौरेला।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा से लौटे विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची एवं जिले के श्रद्धालुओं का गौरेला स्थित सर्किट हाउस के समीप मुख्य मार्ग पर नागरिकों द्वारा स्वागत किया गयास्वागत कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजेश नंदिनी आर्मो, बृजलाल सिंह राठौर, तापस शर्मा, अजय तिवारी, सचिन जैन, अजय राय, शिव शर्मा, सौरभ साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पमालाओं एवं पुष्पवर्षा के साथ यात्रा दल का अभिनंदन कर उनका स्वागत किया।

### चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्वजा ने मारी बाजी

**मुंगेली।** बिलासपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 'मंगलम महोत्सव' (सीजन–6) के तहत राज्य स्तरीय



चित्रकला प्रतियोगिता में मुंगेली की बेटी ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंगलम कला केंद्र द्वारा बिलासपुर में 25 से 28 जून 2026 तक भव्य 'मंगलम महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय महोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए चुनिंदा बाल कलाकारों और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में मुंगेली के प्रतिष्ठित नागरिक श्याम जायसवाल की बड़ी नातिन पूर्वजा जायसवाल 'पूर्वी' ने चित्रकला विधा में अपनी उत्कृष्ट रचनात्मकता और बेहतरीन रंगों के तालमेल से निर्णायकों को बेहद प्रभावित किया और पहला स्थान अपने नाम कर लिया। सफलता के इस मुकाम पर पूर्वजा जायसवाल को 'मंगलम महोत्सव' के भव्य मंच पर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता ट्रफी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया।

### भूमिपूजन के साथ पेवर ब्लाक निर्माण कार्य प्रारंभ



**लोरमी।** राजीव गांधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में उपमुख्यमंत्री व विधायक अरुण साव ने बाउंड्रीवाल, शेड निर्माण, पेवर ब्लाक, हाइमास्ट लाईट कार्य की स्वीकृति प्रदान की थी। कालेज परिसर के 19 लाख 54 हजार रुपये से पेवर ब्लाक निर्माण कार्य प्रारंभ के लिए नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, कालेज स्टाफ सहित भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। वही जल्द ही कालेज परिसर में बाउंड्रीवाल, हाइमास्ट लाईट, शेड निर्माण का कार्य जल्द की प्रारंभ होगा।इस अवसर पर विनय साहू, गुरमीत सलूजा, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, रवि शर्मा, दिनेश साहू, अशोक साहू, नपा उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, रिक्की सलूजा, विश्वास दुबे, दिनेश कश्यप, सोहन डड़सेना, प्रोफेसर नरेन्द्र सलूजा, नितेश मिंटू अग्रवाल, नरेन्द्र खत्री, कमलेश श्रीवास, विनोद राजपूत, मुकुल तिवारी, मुकेश मोदी जायसवाल, सुनील अहिरवार, मनीष कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### हजरत ईमाम हुसैन की याद में लंगर



**तखतपुर।** वार्ड 9 में हजरत ईमाम हुसैन की याद में शरबत, बिस्किट लंगर का इंतजाम किया गया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि हरविंदर सिंह हुरा, बिहारी देवांगन, शेख जैनुल, नट्टू अजमत हुसैन, सद्दाम हुसैन, अशरफ हुसैन, मों. इमरान, मो. सरवर, मो. फहीम, मो. हाशिम, मो.सुहैल, मो. अरशद, मो. रेहान, शेख वसीम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नशा निषेध दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**लोरमी।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर 26 जून को मादक पदार्थों के उपयोग और तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। टीम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना एवं नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। मेडिकल टीम ने ग्रामीण अंचल में जाकर लोगों को जागरूक किया है कि नशा नाश का जड़ है। इनसे दूरी बनाकर रखें अपने स्वास्थ्य के प्रति और ध्यान देंगे। राजेंद्र साहू ने कहा कि नशे की लत बहुत बुरी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, मिंटू छावड़ा जीवन साहू ,अवधेश राजपूत, मुकेश कश्यप, जितेंद्र राजपूत अविश यादव, हरीश देवांगन एवं साथी उपस्थित थे।

## रेत माफिया बेधड़क कर रहे परिवहन व बिक्री

# जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- जीवनदायनी जल स्त्रेतों का अस्तित्व भी खतरे में

जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों से किया जा रहा है। राजस्व क्षेत्र हो या फिर वन क्षेत्र ये रेत माफिया बेधड़क रोजाना अवैध उत्खनन कर रेत का परिवहन और बिक्री कर रहे हैं। बेधड़क रेत माफिया के द्वारा नदी और नालों से अवैध रेत खनन किया जा रहा है। नदी से दर्जनों ट्राली रेत निकाला जा रहा है, इस पर न तो खनिज विभाग की सख्ती दिखाई दे रही है न प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई की जा रही है। इस वजह से बिना रोक–टोक रेत का अवैध खनन और परिवहन जारी है। जिसकी वजह से क्षेत्र के नदी नालों का स्वरूप बदलता जा रहा है। वहीं इन जीवनदायनी जल स्त्रेतों का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है।

जिला मुख्यालय में शहर के अलावा गांव–गांव में नदी एवं किनारे धड़ल्ले से रेत का उत्खनन कर डंपिंग किया जा रहा है। आगर नदी तट पर देर रात से लेकर तड़के सुबह तक रेत का अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बीच स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेत माफिया बेखौफ होकर ट्रैक्टरों और भारी वाहनों के जरिए रेत निकाल रहे हैं, जबकि संबंधित जिम्मेदार विभाग पूरे मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं।



रेत के उत्खनन कार्य में लगे वाहन।

नदी नालों में अवैध उत्खनन के चलते उसका प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि नदी किनारों पर कटाव भी तेजी से बढ़ रहा है। इससे नया पुल और आसपास की संरचनाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे खनन से जलस्तर प्रभावित हो रहा है और भविष्य में इसका गंभीर पर्यावरणीय असर सामने आ सकता है। खनिज विभाग के नियमों के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक बरसात के मौसम में अधिकांश रेत घाटों पर खनन पूरी तरह प्रतिबंधित रहता है। इसका उद्देश्य नदियों के प्राकृतिक प्रवाह, जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखना है। इसके बावजूद चोरी–छिपे खनन माफियाओं द्वारा रेत उत्खनन किए जाने की खबरें प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े कर रही हैं। अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट कई बार सख्त रुख अपना चुका है। न्यायालय स्पष्ट कर चुका है कि पर्यावरणीय स्वीकृति और वैध अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का रेत खनन पूरी तरह अवैध है। उल्लेखनीय है कि जिले में एक मात्र पथरिया क्षेत्र में तीन घाटों को ही रेत उत्खनन के लिये लाइसेंस प्रदान किया गया है, जो कि वर्तमान में बंद है। उसके बाद भी शहर की नदी में से भारी मशीनों से खनन किया जा रहा है।

### दोषियों पर हो कार्रवाई

खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर जिले के पथरिया और सरगांव क्षेत्रें में अवैध खनन व परिवहन के मामलों में प्रशासन द्वारा जेसीबी, ट्रैक्टर और हाइवा जब्त किए जाने की कार्रवाई सामने आ चुकी है। ऐसे में नया पुल क्षेत्र में लगातार जारी गतिविधियां प्रशासनिक निगरानी पर प्रश्नचिन्ह लगा रही हैं। अवैध रेत खनन केवल राजस्व हानि का मामला नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, जल संरक्षण और जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। देश के कई हिस्सों में रेत माफिया की दबंगई और हिंसक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे इस अवैध कारोबार की गंभीरता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस से मांग की है कि शहर में नदी किनारे हो रहे उत्खनन पर जांच कर कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगाई जाए एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### की जाएगी कार्रवाई

जिले में रेत खनन के लिए पथरिया क्षेत्र में भकुराडीह, दाउकापा एवं लुकउकापा मात्र तीन नदी घाट में लायसेंस दिया गया है, जिससे वर्तमान में शासन के नियमों के अनुसार बारिश के पूर्व बंद कर दिया गया है। क्षेत्र में रेत उत्खनन एवं डंपिंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

–**योगेश साहू**, जिला खनिज अधिकारी मुंगेली

## खाद-बीज के भंडारण व वितरण पर रखी जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला प्रशासन द्वारा खरीफ मौसम 2026 में किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार खाद एवं बीज के भंडारण, वितरण और निगरानी की सतत व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में 23 जून को कृषि विभाग की टीम द्वारा विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स साहू कृषि केन्द्र लौदा, सेवा सहकारी समिति लौदा, मेसर्स कृषि एजेंसी एंड ट्रेडिंग, नितीन कृषि केन्द्र लोरमी तथा राठौर कृषि केन्द्र सारधा का निरीक्षण कर उपलब्ध उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण में विभिन्न केंद्रों पर 70 टन यूरिया, 65 टन सिंगल सुपर फास्फेट, 35 टन एनपीके एवं 14.80 टन डीएपी उपलब्ध पाया गया। अधिकारियों ने संबंधित विक्रेताओं एवं संस्थाओं को निर्धारित दरों पर किसानों को उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप संचालक कृषि वीणा ठाकुर ने बताया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए खाद एवं बीज की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान भी जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान उर्वरक निरीक्षक योगेश कुमार दुबे, निरजा कुलकर्णी तथा विकासखंड लोरमी के निरीक्षक संजय सोनवानी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण



**पेंड्रा।** जिले के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने और प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने जिला लाइवलीहुड कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों का जायजा लिया, व्यवस्थाएं परखीं और छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया।

उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े जीडीएस बैच के प्रशिक्षणार्थियों के कक्ष में जाकर उनके व्यावहारिक ज्ञान को परखा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आपातकालीन स्थिति में दी जाने वाली जीवन रक्षक प्रणाली सीपीआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने युवाओं से उनके कोर्स और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सकारात्मक संवाद के जरिए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे, लाइवलीहुड कॉलेज की प्रभारी सहायक संचालक सह डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा पांडेय सहित संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजपूत युवा मोर्चा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** राजपूत युवा मोर्चा द्वारा राज्यपाल के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कोरिया जिले में फॉर्च्यूनर में तीन लोगों को जिंदा जलाकर मारा गया एवं कोरबा जिले में शिव बालक पर हमला किया गया जिससे उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। इस घटनाओं से समाज में भय एवं आक्रोश है। ज्ञापन में इन घटनाओं की सूक्ष्म, निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष संजय सिंह, पूनम सिंह, कृष्णचंद्र सिंह, सतीश सिंह, रामकुमार सिंह, गोपाल सिंह, सुदर्शन सिंह, बलराज सिंह, धर्मवीर सिंह, मनहरण सिंह, रामायण सिंह , शेर सिंह, दिनेश सिंह, अरविंद सिंह, मनीष सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में परसिया स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**पथरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसिया के 6 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे एवं बीईओ पथरिया पी. मंडलोई ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व संकुल प्रभारी, प्राचार्य एमआर नेताम व प्रधान पाठक अनिल कुमार कौशिक ने बताया कि विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मोहिंदर सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में सफल विद्यार्थियों में पतलेश्वर ध्रुव, तनिषा निषाद, सकीना निषाद, लक्ष्मी डहरिया, दीप्ति नेताम एवं दिव्या कुमारी डहरिया शामिल हैं।

## एक लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्राप

- पल्स पोलियो अभियान आज से

**मुंगेली।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 28 से 30 जून तक तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के तीनों विकासखण्डों में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 19 हजार 505 बच्चों को पोलियो की जीवन रक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर ने पंचायत, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, राजस्व, आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 05 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियो की दो बूंद पिलाकर उन्हें आजीवन अपंगता से सुरक्षित रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ड. शीला साहा ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को जिले में 810 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पोलियो की दवा पिला सकेंगे। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए।

### दिया गया है प्रशिक्षण

अभियान के सफल संचालन के लिए 1 हजार 620 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा उनकी निगरानी के लिए 100 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिला एवं विकासखण्ड स्तर के सभी कर्मचारियों को पूर्व प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है।

-**डा. कमलेश कुमार**, जिला टीकाकरण अधिकारी

## मल्हार में दुर्लभ सत्संग का विश्राम



**मल्हार।** डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में दुर्लभ सत्संग व श्रीराम कथा का आध्यात्मिक आयोजन 20 से 26 जून तक आयोजित किया गया जिसका विश्राम शुक्रवार की शाम हुआ, कथा के दौरान प्रतिदिन सैकड़ो लोग शामिल हुए जिसमे महिलाओ की संख्या अधिक रही। ऋषिकेश के ब्रम्हचारी संत आनंद जी महाराज एवम हरिदास महाराज अपने सुमधुर वाणी से लोगो को रामकथा का अमृतपान कराया।

संत हरिदास ने श्रीरामचरित मानस की चौपाई की व्याख्या करते हुए भक्त के बारे में बताते हए कहा कि भगवान को छल, छिद्र व कपट नही भाता इसलिए भक्त के विचार पवित्र होने चाहिए तब भगवान की कृपा होगी। किसी के प्रति छल व कपट नही करना चाहिए इससे भक्त का उद्धार नही होता। रामचरित मानस में भगवान श्रीराम का यह स्पष्ट संदेश है कि दिखावे और चालाकी से ईश्वर को नहीं, बल्कि केवल सच्चे और सरल हृदय से ही उन्हें पाया जा सकता है। उन्होंने शबरी भक्ति का अद्भुत प्रसंग सुनाया। उन्होंने नशे से दूर रहने की अपील की। अंतिम दिन की कथा के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से भ्रूणहत्या का जीवंत पिक्चर दिखाकर लोगो को कभी भी भ्रूण हत्या नही कराने की अपील की। यह मातृशक्ति का घोर अपमान है और गर्भपात महापाप है। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सुबह 5 बजे नगर में प्रभातफेरी निकली जाती थी जिसमे प्रत्येक मोहल्ले जाकर सत्संग व रामकथा में आने का आग्रह किया जाता था। जिसके बाद कथास्थल में लोककल्याण के लिए गीता पाठ भी हुआ। दोपहर ढाई बजे से भजन कीर्तन और शाम साढ़े तीन से साढ़े 6 बजे तक श्रीरामकथा पर आचार्य ने ओजपूर्ण प्रवचन किया। लंबे अर्शे बाद हो रहे रामकथा को लेकर संस्था के अध्यक्ष शिवप्रताप साव ने नगर के लोगो को अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर आधात्मिक लाभ लेने की अपील की थी। आयोजन के दौरान गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित पुस्तकों व धार्मिक ग्रन्थों के स्टाल भी लगाए गए थे जिसमें सभी पुस्तको की कीमत आधी कीमत में दी जा रही थी।

## विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**मुंगेली।** रम्भा बाई रामलाल साव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. विनय गुप्ता थे। अध्यक्षता मुकेश रोहरा ने की। प्रमुख अतिथियों के रूप में उर्मिला रमेश यादव, जितेन्द्र दावडा, पार्षद मोहन मल्लाह, राजहंस तम्बोली एवं सुनील सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशी छात्रओं के गुलाल लगाकर स्वागत से किया। कक्षा 6वीं की छात्रओं को तिलक लगाकर, गुलाल लगाकर, पुस्तक एवं गणवेश भेंट कर प्रवेश कराया गया। कक्षा 9वीं की छात्रओं को भी निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग ने आभार व्यक्त किया। संचालन संजय सोनी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक पवन साहू वरिष्ठ व्याख्याता विभा साहू, दिलीप काठले, चंद्रकुमार महिलांग, नोहर चंद्रवंशी जया शुक्ला, चंचल देवांगन, पूर्णिमा तम्बोली, प्रतिभा शर्मा, प्रभा साहू, डेनियल दयाल, अंकिता ठाकुर, लक्ष्मी अहिरवार, संध्या यादव, अंजू साहू, रोशन ध्रुव सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं, सदस्य एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का लिया संकल्प



**मल्हार।** पूर्व माध्यमिक शाला बिनैका में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह व उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वजीत राय, प्रमोद राज, लोकेश भैना, प्रधान पाठक विजय उरांव, रूपेश लहरे, सुरेंद्र त्रिपाठी, विजय थवाईत, थानेश्वर बंजारे, संतोष दर्वे, उमेश कुसरो, प्रतिभा बोले, अन्नपूर्णा कौशिक सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बच्चों को दिए गए गणवेश व पाठ्य पुस्तक



**मल्हार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मल्हार में स्कूल आ पढ़े ल जिनगी ल गढ़े बर स्कूल शिक्षा विभाग के इस स्लोगन को फलीभूत करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव अभियान के तहत संकुल समन्वयक मल्हार लकेश्वर सिंह नेताम, अध्यक्ष नगर पंचायत मल्हार धनेश्वरी कैवर्त और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नितेश गुप्ता, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक अकत राम सिन्हा, पूर्व प्रधान पाठक एवं कवि शेष नारायण गुप्ता, योगाचार्य दिलीप पाण्डेय, चेतन तिवारी, लक्ष्मण कांत, ओमप्रकाश पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, जतन कैवर्त, सपना यादव के आतिथ्य में सरस्वती पूजा वंदना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। नवप्रवेश बच्चो को तिलक वंदन से स्वागत एवं पाठ्य पुस्तक, गणवेश प्रदान करते हुए विद्यालय के सभी बच्चो को चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य वेदप्रकाश शुक्ला सहित नगर के जनप्रतिनिधि व सभी स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## राम्हेपुर में शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला राम्हेपुर वार्ड क्रमांक 16 में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने बच्चों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल ने 16 से 27 जून तक चलने वाले प्रवेश उत्सव में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं छूटे हुए बच्चों को प्रवेश देकर पढ़ाई के प्रति ध्यान देने शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास पर शिक्षकों प्रेरित किया। पार्षद सोहन डड़सेना ने नन्हे मुन्ने बच्चों को नए प्रवेशी बच्चों को चुटकुले सुनकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष सालिक बंजारे, सभापति प्रतिनिधि पूर्णिमा घनश्याम यादव, सोहन डडसेना वरिष्ठ पार्षद, शिवशंकर यादव, अनीता साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संतोषी साहू, प्रधान पाठक होरीलाल साहू, वरिष्ठ शिक्षक अनिल सोनी और बड़ी संख्या में बच्चे एवं वॉर्डवासी उपस्थित रहे।

## सूरजमल स्कूल में बच्चों का किया सम्मान




**बिल्हा।** शासकीय सूरजमल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर 'शाला प्रवेशोत्सव' मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्य संगीता कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत बिल्हा की अध्यक्ष वंदना जेन्द्रे उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीता डहरिया, मंडल उपाध्यक्ष विश्वासा मानिकपुरी एवं मंडल मंत्री धनेश्वरी डहरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सुभाष मनहर, संदीप सलूजा, प्रमोद तिवारी और रामनाथ वर्मा (अधिवक्ता) उपस्थित थे।